Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:17 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:45 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 143 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 27 नवंबर 2026



ऑफिसर ऑन ड्यूटी के मेकर्स...पेज-3 पर

News कॉर्नर

दुग्ध संघ अल्मोड़ा की प्रबंध समिति भंग, सीडीओ को बनाया प्रशासक

अल्मोड़ा। दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड अल्मोड़ा की प्रबंध समिति को अल्पमत में आने के कारण भंग कर दिया गया है। समिति के पुनर्गठन होने तक संघ के कार्यों के संचालन की जिम्मेदारी मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अल्मोड़ा को सौंपी गई है। दुग्ध सहकारी समितियों के निदेशक एवं निबंधक इला गिरी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार दुग्ध संघ अल्मोड़ा की वर्तमान प्रबंध समिति में कुल नौ निर्वाचित सदस्य थे। इनमें से छह सदस्य विभिन्न वैधानिक एवं उपविधिक कारणों से अनर्ह पाए गए हैं। इसके चलते समिति में केवल तीन अर्ह सदस्य ही शेष रह गए थे। नियमानुसार प्रबंध समिति में अर्ह निर्वाचित सदस्यों की संख्या कुल निर्वाचित सदस्यों की आधी से कम होने पर समिति अल्पमत में मानी जाती है। अनर्ह घोषित किए गए सदस्यों में नीमा देवी (दुधौली), ख्यालीदत्त पंत (सिरमोली), सुनीता देवी (चन्द्रकोट), ब्रह्मानंद डालाकोटी (डालाकोट), मोहनी देवी (दुदिला) और चंद्रशेखर जोशी (छतगुल्ला) शामिल हैं।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा का सख्त रुख: देर रात पुलिस अधिकारियों की बैठक

रुद्रपुर। ऊधमसिंह नगर जिले में लगातार प्रभावी पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण की चुनौतियों के बीच एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने देर रात साढ़े 12 बजे पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यप्रणाली की प्राथमिकताएं तय कीं। पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना-चौकी प्रभारियों को जवाबदेही के साथ काम करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने और उनकी 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही पुलिस की भौतिक मौजूदगी बढ़ाने और नियमित पुलिस प्रेजेंस दर्ज करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम रहे। उन्होंने संवेदनशील मामलों में तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने और पीड़ितों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

मौसम: उत्तराखंड में अब बढ़ेगी ठिठुरन, पाला और कोहरे का अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच प्रदेश में सर्दी का असर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। फिलहाल मौसम में किसी बड़े बदलाव या बारिश की उम्मीद नहीं है, लेकिन सुबह और रात के समय मौसमी दुश्वारियां बढ़ सकती हैं। खासकर खुले और ऊंचाई वाले इलाकों में पाले का असर देखने को मिलेगा।

जलवायु परिवर्तन और मौसम के बदले पैटर्न का सीधा असर उत्तराखंड के तापमान में देखने को मिल रहा है। बीते 14 घंटे के आंकड़ों पर नजर डालें तो पहाड़ से लेकर मैदान तक न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया है। हालांकि 27 और 28 नवंबर को प्रदेश के पर्वतीय इलाकों के साथ मैदानी इलाकों में पाला और कोहरा छाने से ठंड बढ़ने की संभावना है। जबकि दिसंबर के शुरुआत तक बारिश के आसार नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 27 और 28 नवंबर को पर्वतीय जिलों के साथ हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में पाला गिरने के साथ कोहरा छाने की संभावना है। इसके बाद 29 नवंबर से दो दिसंबर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। बृहस्पतिवार के मौसम की बात करें तो प्रदेश भर में दिन भर चटक धूप खिलने से ठंड का अहसास कम रहा। इतना ही नहीं दिन के साथ न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया।



नैनीताल में दिखा मौसम का मिला जुला असर

नैनीताल। नैनीताल में आज गुरुवार को मौसम का मिला जुला असर देखने को मिला।

बता दें मंगलवार को दिन में कुछ देर के लिए आसमान में हल्का कोहरा जरुर छाए रहे लेकिन अधिकांश समय मौसम सुहावना बना रहा। नगर में सुबह व शाम के समय इन दिनों ठंड में काफी इजाफा हो गया है। दूसरी ओर नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने मिले जुले मौसम के बीच नैनी झील में नौका विहार का आनंद लिया।

बैठक जारी: पीएम मोदी का मंत्रियों के साथ मंथन

केंद्रीय कैबिनेट: परिसीमन-महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा संभव

नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हो रही है। इसमें संसद के आगामी सत्र के विधायी एजेंडे, महत्वपूर्ण विधेयकों और सरकार की रणनीति पर चर्चा की जा रही है। परिसीमन से जुड़े महिला कोटा विधेयक पर भी विचार संभव है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक आज हो रही है। बता दें कि, संसद के दोनों सदनों की बैठक दोबारा बुलाए जाने के प्रस्ताव के बाद सरकार ने अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी आज केंद्रीय कैबिनेट और मंत्रियों के साथ बैठक में गहन मंथन कर रहे हैं।

माना जा रहा है कि इस बैठक में आगामी संसद सत्र के विधायी एजेंडे, महत्वपूर्ण विधेयकों और सदन में सरकार की रणनीति पर चर्चा की जा रही है।इससे पहले गुरुवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी देते हुए बताया था कि सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सोमवार, 30 नवंबर 2026 को और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन से बुधवार, 2 दिसंबर 2026 को सदन की बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। आवश्यक सरकारी कामकाज के तहत यह सत्र गुरुवार, 3 दिसंबर तक चल सकता है। वहीं, सत्र की तैयारियों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पहले ही मंत्रियों को 15 दिसंबर से पहले अपने-अपने मंत्रालयों के सभी विधायी और प्रशासनिक कार्य पूरे करने तथा विदेश यात्राओं से बचने की सलाह दे चुके हैं। आज होने वाले बैठक में सभी मंत्रालयों से उनके लंबित प्रस्तावों और विधेयकों की स्थिति पर रिपोर्ट ली जा सकती है, ताकि 30 नवंबर से शुरू होने वाली कार्यवाही के दौरान सदन में पूरी तैयारी के साथ उतरा जा सके।



पठानकोट: बीएसएफ ने ढेर किया घुसपैठिया, पाकिस्तान से बमियाल बॉर्डर में घुस रहा था

पठानकोट
एजेंसी

पठानकोट में बीएसएफ ने बमियाल बॉर्डर से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे एक घुसपैठिए को मार गिराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और क्षेत्र में चौकसी बढ़ा दी गई है।

पठानकोट के बमियाल बॉर्डर पर गुरुवार रात बीएसएफ जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। घटना पहाड़ीपुर बीओपी के पास की बताई जा रही है, जहां सीमा पर तैनात जवानों ने पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे एक व्यक्ति को देख कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब तीन बजे पाकिस्तान की ओर से एक व्यक्ति भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहा था। सीमा पर तैनात बीएसएफ जवानों ने संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए फायरिंग की, जिसमें घुसपैठिया मारा गया। घटना के बाद पूरे सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई और इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी गई। घटनास्थल पर बीएसएफ, पंजाब पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। इसके अलावा फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। सुरक्षा एजेंसियां घुसपैठिये की पहचान, उसके भारत में प्रवेश करने के प्रयास तथा घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही हैं।



नए कप्तान, पुरानी चुनौतियां, नैनीताल में अब एक्शन की दरकार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले की पुलिस कमान बदल गई, लेकिन शहर की समस्याएं जस की तस हैं। जाम से जूझती सड़कें, नशे के फैलते कारोबार, महिलाओं की सुरक्षा और आगामी चुनाव की चुनौती—इन सबके बीच नए एसएसपी अर्पण यदुवंशी ने जिले की कमान संभाल ली है। पदभार ग्रहण करते ही पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उन्हें सलामी देकर स्वागत किया।

कमान संभालने के बाद नए कप्तान ने अपनी प्राथमिकताएं साफ कर दीं। यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाना, नशे के कारोबार पर प्रहार करना और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम उठाना उनकी कार्ययोजना में शामिल है। उन्होंने संकेत दिए कि इन मोर्चों पर पुलिस की सक्रियता बढ़ाई जाएगी और व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास होंगे। लेकिन सबसे अहम इम्तिहान आगामी चुनाव का है। चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराना पुलिस के लिए बड़ी जिम्मेदारी होगी। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर नजर रखने और किसी भी अराजक स्थिति को रोकने की चुनौती भी नए कप्तान के सामने रहेगी। कप्तान की कुर्सी नई है, लेकिन समस्याओं की फाइल पुरानी। अब जनता को भाषण नहीं, सड़कों पर राहत, नशे के खिलाफ ठोस कार्रवाई और सुरक्षा का भरोसा चाहिए। अर्पण यदुवंशी के लिए असली कप्तानी सलामी से नहीं, जमीन पर दिखने वाले बदलाव से साबित होगी।

शादी समारोह में तमंचे लेकर युवकों ने की मारपीट

हरिद्वार। नगर कोतवाली क्षेत्र में ब्रह्मपुरी स्थित मनसा देवी मार्ग पर एक शादी समारोह के दौरान विवाद हो गया। आरोप है कि एक युवक और उसके साथ आए 20 से 25 युवकों ने तमंचों के साथ पहुंचकर झगड़ा किया। बीच-बचाव करने पहुंचे एक रिश्तेदार के सिर पर शराब से भरी कांच की बोतल मारकर उसे घायल कर दिया। महिलाओं के साथ भी गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, अनिल कुमार बिष्ट निवासी हरिहर एनक्लेव कनखल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 नवंबर की रात वह अपने भांजे राहुल बिष्ट के विवाह समारोह में शामिल होने ब्रह्मपुरी आए थे।

कैबिनेट बैठक में 23 प्रस्तावों पर मुहर लगी

देहरादून
हमारे संवाददाता

महिलाओं के आर्थिक प्रोत्साहन से लेकर बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने तक, कई प्रस्तावों पर आज धामी सरकार का रुख स्पष्ट हो सकता है।

कैबिनेट बैठक में स्वयं सहायता समूहों और किसानों से जुड़े मुद्दे भी चर्चा के केंद्र में रहेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री की पूर्व में की गई घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने की दिशा में भी फैसले लिए जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 23 प्रस्तावों पर मुहर लगी। सफाई कर्मचारी आयोग में उपाध्यक्ष के अतिरिक्त पद को मंजूरी दी गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं पर मुहर लगेगी। कैबिनेट में सीएम की कई घोषणाओं के प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। इसके अलावा बैणी-भुली योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहन राशि देने, किसानों व लोगों के बिजली बिलों के विलंबित भुगतान पर लगने वाला सरचार्ज माफ करने पर निर्णय हो सकता है।



बैठक
- महिलाओं और किसानों को मिल सकती है राहत
- बिजली बिल सरचार्ज माफी पर भी फैसला संभव

छात्र-छात्राओं को दिया स्व जनगणना का विशेष प्रशिक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिले के शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार मौर्य की अध्यक्षता तथा विभाग प्रभारी एवम जनगणना नोडल अधिकारी डा. तरुण कुमार आर्य के निर्देशन में स्व गणना (जनगणना-2027) हेतु कार्यशाला तथा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भारत का संविधान राष्ट्रीय एकता व अखण्डता का प्रतीक शीर्षक पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला का उद्देश्य छात्र छात्राओं को स्व गणना का महत्व एवम प्रक्रिया से अवगत कराना था कार्यशाला के प्रारंभ में जनगणना अधिकारी बेतालघाट बनवारी लाल तथा मोहित डौर्बी ने विद्यार्थियों को स्व गणना का महत्व एवम छात्रो की भूमिका के विषय में विस्तार से समझाया। कार्यशाला में तकनीकी सहायक तहसील बेतालघाट विजय कुमार ने प्रोजेकटर के माध्यम से स्व गणना की प्रत्येक प्रक्रिया से प्रत्यक्ष प्रदर्शन द्वारा छात्र छात्राओं को अवगत कराया।

कार्यशाला के पश्चात संविधान दिवस संगोष्ठी पर प्राचार्य द्वारा संविधान के महत्वए उद्देश्य एवम आवश्यकता पर प्रकाश डाला और संविधान की उद्देशिका का समस्त महाविद्यालय कार्मिकों, तहसील कार्मिकों एवम छात्र छात्राओं सहित का वाचन किया गया। विभाग प्रभारी डॉ. तरुण कुमार आर्य ने भारतीय संविधान में राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के तत्वो पर विस्तार से चर्चा की साथ ही उन्होंने अधिकारों के साथ साथ नागरिको कर्तव्यों के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए स्व गणना को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया। कार्यक्रम मे विशाखा, निर्मला, रुचि, खुशी, इरम बेनजीर तथा शीतल बोहरा ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यशाला तथा संगोष्ठी में महाविद्यालय से डॉ. जयति दीक्षित, डॉ0 ईप्सिता सिंह,संतोष भारती, सपना आर्या,भाष्करानंद पंत, मुकेश रावत,अनिलनाथ, प्रेमा देवी सहित छात्र छात्राएं तथा तहसील बेतालघाट से बनवारी लाल, सुरेश सनवाल, सागर बधानी,प्रमोद कुमार,कपिल कुमार व मोहित डौर्बी व प्रेमा बिष्ट उपस्थित रहे।

एरीज के वैज्ञानिक डॉ. संतोष जोशी को मिला द कॉरेस्पॉन्डिंग एस्ट्रोनॉमर मानद सम्मान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वैज्ञानिक डॉ. संतोष जोशी को रॉयल ऑब्जर्वेटरी ऑफ बेल्जियम (आरओबी) द्वारा प्रतिष्ठित द कॉरेस्पॉन्डिंग एस्ट्रोनॉमर के मानद सम्मान प्रदान किया गया है।

बता दें कि रॉयल ऑब्जर्वेटरी ऑफ बेल्जियम की स्थापना के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 20 नवंबर 2026 को ब्रसेल्स बेल्जियम में आयोजित समारोह में इसके महानिदेशक प्रो. रोनाल्ड ए. एम. वान डर लिंडेन ने डॉ. जोशी को यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर विभिन्न देशों के कुल आठ वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। डॉ. जोशी यह सम्मान प्राप्त करने वाले पहले भारतीय वैज्ञानिक हैं। डॉ. जोशी भारत बेल्जियम खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी नेटवर्क के सह संस्थापक भी हैं। इस नेटवर्क की स्थापना का उद्देश्य दोनों देशों के बीच खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी के क्षेत्र में अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना और मौजूदा खगोलीय प्रेक्षण सुविधाओं का प्रभावी उपयोग करना है। बीआईएनए परियोजना को वर्ष 2016 में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा बेल्जियम सरकार के बेल्जियन साइंस पॉलिसी ऑफिस द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी।

डॉ. जोशी का प्रमुख शोध क्षेत्र तारकीय भूकंप विज्ञान है जिसमें तारों के प्राकृतिक दोलनों का अध्ययन करके उनके आंतरिक भाग की संरचना, द्रव्यमान, त्रिज्या एवं घूर्णन गति जैसी विशेषताओं का पता लगाया जाता है।डॉ. जोशी एवं उनकी टीम ने 1990 के दशक के अंतिम वर्षों में एरीज की 1.04 मीटर संपूर्णानंद दूरबीन की सहायता से आठ विशिष्ट तारों में तारकीय दोलनों की खोज की थी। उनकी टीम ने नैनीताल केप सर्वेक्षण के अंतर्गत एचडी 13038 नामक तारे का भी अध्ययन किया है। इस दीर्घकालिक सर्वेक्षण में एरीज और दक्षिण अफ्रीकी खगोलीय वेधशाला की प्रेक्षण सुविधाओं का उपयोग किया जाता है। डॉ. जोशी इस सर्वेक्षण के प्रमुख अन्वेषक भी हैं।एरीज परिवार डा. संतोष जोशी को इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



पुलिस सहायता केंद्र के पास वाहनों की पार्किंग देख बिफरे कुमाऊं कमिश्नर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल पुराने रोडवेज स्टेशन स्थित पुलिस सहायता केंद्र के समीप बेतरतीब ढंग से पार्क वाहनों को देख कमिश्नर दीपक रावत नाराज हो गए। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को फटकार लगाते हुए क्षेत्र से तत्काल वाहन हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम ने सीओ को फोन कर कमिश्नर के निर्देशों का पालन करते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा।

बता दें कि बीरवार की शाम तल्लीताल पुलिस सहायता केंद्र के समीप वाहनों की कतार देखकर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत अपनी गाड़ी से उतर गए। पुलिस सहायता केंद्र के आसपास लाइन से खड़ी बाइक और कारों को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को फ टकार लगाते हुए सभी वाहनों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर रावत ने कहा कि पुलिस सहायता केंद्र के संचालन के लिए पुलिस को एक कमरा दिया गया था लेकिन पुलिस ने सहायता केंद्र से गांधी मूर्ति तक के क्षेत्र में कब्जा कर लिया है। उन्होंने एसडीएम नवाजिश खालिक को तत्काल क्षेत्र से सभी वाहनों को हटाकर स्थान खाली कराने के निर्देश दिए।कमिश्नर के निर्देश पर एसडीएम ने सीओ को फोन कर क्षेत्र को कब्जा मुक्त कराने और वहां खड़े वाहनों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

जंगलों में आग लगने का मामला: हाईकोर्ट ने दी राज्य सरकार को चार हफ्ते की मोहलत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाइकोर्ट ने फ यर सीजन में प्रदेश के जंगलों में लगने वाली आग का स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने केंद्र और राज्य सरकार से इस मामले में दुबारा से नया शपथपत्र पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को अवगत कराया कि पहले कोर्ट ने इस मामले में कई दिशा निर्देश राज्य सरकार को दिए गए थे, जिनका पालन करना संभव नही था, इस आदेश के खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट में गयी, सुप्रीम कोर्ट ने मामले को नए सिरे से सुनने के लिए वापस उच्च न्यायलय को भेजकर कहा कि आग पर काबू पाने के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी तरह से हल निकालने के सुझाव राज्य सरकार को दिए जाए। अगस्त माह में सरकार और केंद्र सरकार से कोर्ट ने नया शपथपत्र पेश करने को कहा था, जो अभी तक पेश नहीं किया गया। बीरवार को कोर्ट ने मामले को सुनने के बाद सरकार और केंद्र सरकार से चार सप्ताह में नया शपथ पत्र पेश करने को कहा है।

चंपावत में सामूहिक दुष्कर्म मामला: माहरा को मिली जमानत

नैनीताल । हाईकोर्ट ने मई 2026 के बहुचर्चित चंपावत पॉक्सो और कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले में सामाजिक कार्यकर्ता व कांग्रेस नेता आनंद सिंह माहरा को जमानत दे दी है।

न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की पीठ ने यह फैसला तब सुनाया जब निचली अदालत में चल रहे ट्रायल के दौरान नाबालिग युवती ने अपने पूर्व के बयानों से पलटते हुए कहा कि आनंद सिंह माहरा की इस मामले में कोई संलिप्तता नहीं है और उसने जो शुरुआती बयान दर्ज कराए थे वही सही हैं । 13 मई 2026 को गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक हिरासत में बंद माहरा को निचली अदालतों (23 मई व 6 अक्टूबर) से जमानत खारिज हो चुकी थी जिसके बाद हाईकोर्ट में दायर दूसरी याचिका पर उनके बयान कोर्ट के रिकॉर्ड में लाए जाने के बाद उन्हें राहत मिली।

NEWS / फटाफट

भुट्टा बेचने वालों को पंजीकरण कराना होगा

नैनीताल । हाईकोर्ट ने नैनीताल के विभिन्न व्यू पॉइंटो और सड़कों के किनारे भुट्टा बेचने वाले दुकानदारों को नगर पालिका नैनीताल के द्वारा प्रतिबंधित किए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने उनकी याचिका को निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ताओं से कहा है कि वे इस संबंध में दो दिन के भीतर नगर पालिका में वेंडर रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करें, सात दिन के भीतर खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत सक्षम अधिकारी से फूड लाइसेंस के लिए आवेदन करें, आवेदन मिलने के बाद नगरपालिका और सक्षम अधिकारी सात दिन के भीतर कारण सहित आदेश पारित कर सहानुभूति पूर्वक निर्णय लें, कोर्ट ने आदेश में यह भी कहा है कि याचिकाकर्ता कई सालों से रुकावट के बीच शहर के विभिन्न व्यू पॉइंटो और सड? के किनारे स्वीट कॉर्न बेच रहें हैं, यह उनका आजीविका कमाने का साधन भी है जो कुछ प्रतिबंधों के अधीन है, उन्हें आजविका कमाने से नहीं रोका जा सकता।

इग्नू दिसंबर सत्रांत परीक्षाएं शुरू

नैनीताल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की दिसंबर सत्रांत परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। विभिन्न विषयों पर परीक्षाएं 14 जनवरी 2027 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं के लिए उत्तराखंड में 19 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 8257 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। कुमाऊं विश्वविद्यालय की डीएसबी परिसर की अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं इग्नू समन्वयक प्रो. चंद्रकला रावत ने बताया कि परीक्षार्थी इग्नू समर्थ पोर्टल से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।



उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा संबंधी दिशा निर्देशों का पालन करने और निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की है।

प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने युवाओं को किया पौधरोपण हेतु प्रेरित



नैनीताल । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 863वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 863वें दिन मल्लिकार्जुन मेला महोत्सव अस्कोट में अतिथि के रूप में शामिल होकर जनसंपर्क करते हुए उत्तराखंड क्रांति दल के पक्ष में जनता को लामबंद किया साथ ही रामलीला मैदान परिसर में पौधारोपण किया।कार्यक्रम में उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व विधायक काशी सिंह ऐरी, जगत सिंह मेहता, दिलीप सिंह धामी, गोविंद सिंह रावत, विक्रम सिंह पाल, महेश पाल, वीर जंगपाल, रविंद्र पाल, गोविंद सिंह भंडारी, दिव्यांशु व नवीन उपाध्याय उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

दो आईपीएस अफसरों का मामला: सुनवाई दस दिन बाद

नैनीताल । हाईकोर्ट ने उत्तराखंड में आईजी पद पर तैनात आईपीएस अधिकारी नीरू गर्ग व अरुण मोहन जोशी को प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन डीआईजी पद पर भेजने के आदेश को चुनौती देती दो आईपीएस अधिकारियों के मामले पर सुनवाई की । मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु दस दिन के बाद की तिथि नियत कर दी। बीरवार को हुई सुनवाई पर केंद्र सरकार के द्वारा कोर्ट को अवगत कराया गया कि इस मामले में केंद्र सरकार भी केंद्रीय न्यायधीकरण के आदेश के खिलाफ याचिका दायर करने जा रही है, इसलिए केंद्र और राज्य की याचिकाओं को एक साथ सुना जाए, कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद सभी याचिकाओं को एक साथ सुनवाई करने हेतु दस दिन बाद की तिथि नियत कर दी।मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ में हुई।

20 मिनट में पहुंची कमिश्नरी में अग्निकांड पर फायर शेफ्टी टीम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मंडलायुक्त कार्यालय में बीरवार को दोपहर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की घटना पर आधारित मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल के अनुसार दोपहर 12.17 बजे कमिश्नरी कार्यालय में धुआं निकलने की सूचना आपदा कंट्रोल रूम को दी गई।

सूचना प्राप्त होते ही जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र के दूरभाष टोल फ्री नंबर 1077 पर सूचना प्राप्त होने के उपरान्त फ यर स्टेशन एवं राहत एवं बचाव दल को घटना स्थल पर रवाना किया गया।सूचना देने के लगभग 20 मिनट बाद ही फ यर सेफ्टी टीम तथा एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। सभी विभागों का रिस्पॉन्स टाइम संतोषजनक रहा और समन्वय के साथ राहत एवं बचाव कार्य किया गया। आग लगने की घटना होने पर फ यर व एसडीआरएफ की टीम तथा एंबुलेंस की टीमें मौके पर पहुंची। राहत एवम् बचाव दल द्वारा सबसे पहले विद्युत आपूर्ति बंद कराते हुए आग बुझाने तथा अग्निकाण्ड के कारण आग से झुलसे स्टाफ के 02 कार्मिकों जबकि अफ रा तफ री में घायल 3 कार्मिकों को निकटतम चिकित्सा केन्द्र राजकीय बीडी पाण्डेय जिला चिकित्सालय में उपचार किया गया। इस दौरान यह तथ्य सामने आए कि कमिश्नरी व जिला न्यायालय के पास लगे फायर हाइड्रेंट का प्रेशर कम पाया गया तथा पोल्स पर झूलते विभिन्न तारों के कारण अग्निशमन वाहन कमिश्नरी गेट तक नहीं पहुंच पाया जिस पर मंडलायुक्त दीपक रावत ने नाराजगी जाहिर करते हुए जल संस्थान के अभियंताओं को निर्देश दिए कि ऐतिहासिक व लकड़ी से निर्मित इमारतों एवम् आग की दृष्टि से संवेदनशील सभी क्षेत्रों के आसपास लगे फ यर हाइड्रेंट में प्रेशर चेक किया जाए तथा जो भी कमियाँ हों उन्हें साईंटिफि क तरीके से दूर किया जाए तथा विद्युत तारों के साथ ही अन्य तारों (केबल्स) का भी परीक्षण किया जाए। इस दौरान अपर आयुक्त त्रिलोक सिंह मर्तोलिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।



मॉकड्रिल

- कमिश्नरी कार्यालय में धुआं निकलने की सूचना

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

अमीर-गरीब की तुलना

समाज में बराबरी के अधिकार से करोड़ों लोगों को वंचित किया जा रहा है। अमीर-गरीब की खाई को बढ़ाया जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने एक कार्यक्रम में कहा कि वह अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर का बहिष्कार किये जाने के पक्ष में हैं। आरक्षण के मामले में एक आईएएस अधिकारी के बच्चों की तुलना एक गरीब खेतिहर मजदूर के बच्चे से नहीं की जा सकती है। क्रीमी लेयर की अवधारणा जैसा इंद्रा साहनी फैसले में पाया गया है, लागू होना चाहिए।

आरक्षण की नीति पर हमेशा उंगली उठती रही है। आरक्षण की नीति अन्यायपूर्ण है। समाज में बराबरी के अधिकार से करोड़ों लोगों को वंचित किया जा रहा है। अमीर-गरीब की खाई को बढ़ाया जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने एक कार्यक्रम में कहा कि वह अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर का बहिष्कार किये जाने के पक्ष में हैं। आरक्षण के मामले में एक आईएएस अधिकारी के बच्चों की तुलना एक गरीब खेतिहर मजदूर के बच्चे से नहीं की जा सकती है। क्रीमी लेयर की अवधारणा जैसा इंद्रा साहनी फैसले में पाया गया है, लागू होना चाहिए। वह फैसला अन्य पिछड़ा वर्ग पर लागू होता है, वही अनुसूचित जाति पर लागू होना चाहिए। न्यायमूर्ति ने एक कार्यक्रम में यह बात कही। जब यह बात कही तब वह पद पर थे। जनहित के अनेक मामलों में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान से फैसला लेते रहे हैं। इंद्रा साहनी वाले फैसले का उल्लेख किया है, उसी परिप्रेक्ष्य में अनुसूचित जाति के क्रीमी लेयर का फैसला सुनाया जा सकता है। न्यायालय से इतर किसी कार्यक्रम में सच बोलना सराहनीय है, परन्तु उस सच के आधार पर न्यायालय में फैसला लिया जाए तो करोड़ों गरीब बच्चों के साथ न्याय हो। न्यायमूर्ति ने गरीब खेतिहर मजदूर के बच्चे का उल्लेख किया है। सच भी यही है कि आरक्षण जाति के आधार पर नहीं होना चाहिए। आर्थिक आधार पर आरक्षण पूरी तरह न्यायसंगत होगा। नब्बे के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के कार्यकाल में पूरे देश में आरक्षण विरोधी आंदोलन में किशोर उम्र से लेकर युवाओं ने आत्मदाह और आत्महत्या करके आरक्षण नीति का विरोध किया था। उस दौरान समाजशास्त्रियों और विधि विशेषज्ञों ने भी जाति के आधार पर आरक्षण को सामाजिक अन्याय करार दिया था। आर्थिक आधार पर आरक्षण का आश्वासन दिया गया था। आंदोलन शांत होने के बाद वोट बैंक की राजनीति के तहत जाति के आधार पर आरक्षण जारी रखा गया। सभी राजनीतिक दलों ने आरक्षण को चुनाव जीतने का हथियार बनाया है। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान की भावना नहीं है। गरीबी जाति विशेष में नहीं है। सभी जातियों में अमीर और गरीब हैं। जाति के आधार पर आरक्षण से अनारक्षित जातियों के गरीब तथा प्रतिभावान बच्चों के साथ अन्याय होता रहा है। क्रीमी लेयर को आरक्षण मिलने से आरक्षित जाति के गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है।

संविधान दिवसः कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में बीरवार को संविधान दिवस के मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर तल्लीताल स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण किया गया और उनके विचारों को अपने जीवन में भी आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता के. एल. आर्य द्वारा उनके जीवन और उनके द्वारा लिखे संविधान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विक्रम राठौर,संतोष कुमार जिलामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा, अजय कुमार, विजय कुमार, हरीश, शक्ति केंद्र संयोजक पवन बिष्ट उपस्थित रहे। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत नैनीताल द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद विधि संस्थान कुमाऊँ विश्वविद्यालयए नैनीताल में विकसित भारत युवा संवाद संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा रही। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना के वाचन एवं संविधान के मूल्यों, आदर्शों तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता के संदेश





के साथ किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश चन्द्र पाण्डेय विभागाध्यक्ष विधि संस्थान ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डॉ. सागर पंत, डॉ. वी.के. रंजन, डॉ. कविता, डॉ. शशि प्रभा, डॉ. सरिता कैरा, विभोर तिवारी, सुश्री लैबा अहमद एवं डॉ. इन्दर प्रसाद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान युवा आइकॉन कार्तिकेय निगल्टिया द्वारा विकसित भारत के लिए, नशामुक्त युवा विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यक्रम में छात्र,छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। संचालन सूर्यांश प्रताप सिंह एवं विपुल धूमका ने किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में आरती, भूमिका, हंसी एवं नीलम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कुविवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यक्रम का आयोजन विजिटिंग प्रोफेसर डायरेक्टर तथा वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया तथा वनस्पति विज्ञान विभाग में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया।कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष तथा निदेशक विजिटिंग प्रो.ललित मोहन तिवारी ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व तथा उसकी मूल भावना और नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता व लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समानता का आधार है।इस अवसर पर भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।कार्यक्रम में डॉ. सुष्मा, डॉ. नीलू, डॉ. प्रभा, डॉ. हेम एवं डॉ.नवीन,लता नित्वाल, भावना पांडे, जगदीश पपनै व मोहित खाती सहित शोधार्थियों और एमएससी तृतीय के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

पूर्व कर्नल के परिवार पर हमला...सोने की चेन लूटी, कार के शीशे तोड़े

रुद्रपुर। बिगवाड़ा गेट पर रास्ता पूछने के बहाने पूर्व कर्नल के परिवार पर चार-पांच बाइक और स्कूटी सवार हमलावरों ने तमंचा लहराकर हमला किया। बेटे के गले से सोने की चेन लूटी, महिलाओं से छीना-झपटी की और कार के पांच शीशे तोड़े। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है।

पंजाब निवासी रिटायर्ड कर्नल साधू सिंह बाजवा के मुताबिक, 25 नवंबर की रात उनका बेटा सुखमन सिंह पत्नी, मां, बहन और मौसी के साथ केशवगढ़, गदरपुर में विवाह समारोह से लौट रहा था। रात करीब 11:25 बजे बिगवाड़ा गेट पर कुछ लोगों ने रास्ता पूछने के बहाने कार रुकवाई। शक होने पर बेटा वहां से निकलने लगा तो आरोपियों ने पीछा कर प्रबल ग्रीन के पास घेर लिया और वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स पुणे में इंटर्नशिप पूर्ण कर लौटे विद्यार्थी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित चार वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के आठ विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स पुणे में अपनी विद्यालयी इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण की।



विश्वविद्यालय लौटने पर इस कामयाबी के विशेष मौके पर आठों विद्यार्थियों (अनीमा, याशीका उपाध्याय, आकांक्षा बहेरा, प्रतिभा रावत, प्रतीक्षा जोशी, हर्षिता पंत, मानाशी दानी व ईशिता) ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, कुलसचिव प्रो. रीतेश साह, संकायाध्यक्ष प्रो. ललित मोहन तिवारी समेत प्रो. महेन्द्र सिंह राणा, डॉ. अशोक उप्रेती, डॉ. पुष्पा अधिकारी एवं सुश्री आकांक्षा शैली से शिष्टाचार भेंट कर अपने इंटर्नशिप अनुभवों, कामयाबियों एवं भविष्य में प्राप्त रोजगार के अवसरों के संबंध में विस्तार से जानकारी साझा की। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. ललित मोहन तिवारी ने कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट का शॉल ओढ़ाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कुलपति प्रो. बिष्ट एवं कुलसचिव प्रो. साह ने विद्यार्थियों की इस कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा अपनी प्रतिभा एवं कार्यकुशलता के आधार पर रोजगार के अवसर हासिल करने का अवसर मिलना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, कार्यक्षमता एवं व्यावसायिक दक्षता को बढ़ाने के साथ उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। इस महत्वपूर्ण कामयाबी के लिए आईटीईपी विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक उप्रेती ने पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो0. अतुल जोशी के प्रति विशेष आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया साथ ही संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स पुणे के समस्त प्रबंधन एवं सहयोगी सदस्यों के प्रति विशेष आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से डॉ. गिरीश चन्द्र मुंगली, डॉ. देवबानी मुंगली, सुश्री दामिनी जोशी एवं सुश्री साबेरी रे सहित संस्थान के समस्त पदाधिकारियों, गुरुजनों एवं सहयोगी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, सहयोग व आतिथ्य एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण आईटीईपी के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में कार्य करने, विद्यालयी वातावरण को समझने तथा अपने शिक्षण कौशल को विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर प्राप्त हुआ।

फिल्मी दुनिया

मार्टिन प्रक्कट: ऑफिसर ऑन ड्यूटी के मेकर्स पर केस दर्ज



मलयालम फिल्म इंडस्ट्री से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। मशहूर फिल्म निर्माता मार्टिन प्रक्कट और दो अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोप है कि उनकी फिल्म में एक शख्स का मोबाइल नंबर उसकी अनुमति के बिना दिखाया गया, जिसके बाद उसे लगातार अश्लील और धमकी भरे फोन कॉल और मैसेज आने लगे। इस मामले में कोच्चि सिटी साइबर क्राइम पुलिस ने कार्रवाई की है।

दरअसल, यह पूरा मामला मलयालम फिल्म ऑफिसर ऑन ड्यूटी से जुड़ा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, फिल्म के एक सीन में शिकायतकर्ता अक्षय प्रकाश (26) का मोबाइल नंबर एक महिला किरदार के फोन नंबर के तौर पर दिखाया गया था। अक्षय के अनुसार, ऐसा उनकी जानकारी और सहमति के बिना किया गया। इसके बाद उन्हें लगातार परेशान करने वाले और धमकी भरे फोन कॉल आने लगे। इतना ही नहीं, उन्हें अश्लील मैसेज भी भेजे गए, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा और निजी छवि को नुकसान पहुंचा। इस घटना के कारण उन्हें मानसिक तनाव से भी गुजरना पड़ा। इस मामले में एर्नाकुलम के शिक्काकारा निवासी अक्षय प्रकाश ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट के आदेश के बाद बुधवार को साइबर क्राइम पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इस मामले में निर्माता मार्टिन प्रक्कट के अलावा सिबी चावरा और रेनजिथ नायर को भी आरोपी बनाया गया है। दोनों मार्टिन प्रक्कट मूवीज से जुड़े हुए हैं।

बीएनएस और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और केरल पुलिस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस ए. अनंतलाल कर रहे हैं। ऑफिसर ऑन ड्यूटी 2025 में रिलीज हुई एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन जितु अशरफ ने किया। इसकी कहानी शाहीं कबीर ने लिखी और फिल्म में कुंचाको बोबन मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

मल्ला रामगढ से उमागढ़ मोटर मार्ग पर डामरीकरण के लिए 1 करोड़ 78 लाख स्वीकृत

भीमताल

हमारे संवाददाता

भीमताल विधानसभा के रामगढ़ ब्लॉक के मल्ला रामगढ़ से उमागढ़ मोटर मार्ग लंबे समय से खराब था जिस कारण ग्रामीणों, किसानों को अवागमन में काफ ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों ग्रामीणों को काफ ी परेशानिया होती थी।



ग्रामीणों ने मंत्री राम सिंह कैड़ा से मोटर मार्ग पर सुधारीकरण व डामरीकरण करने की मांग की। मंत्री कैड़ा ने जनता की समस्याओं को देखते हुऐ चूक विभाग के अधिकारियो से डीपीआर तैयार कर शासन को भेजनें को कहा थाए मंत्री कैड़ा ने मल्ला रामगढ़ से उमागढ़ मोटर मार्ग पर डामरीकरण व सुधारीकरण के लिए 1 करोड़ 78 लाख स्वीकृति कर जिसका शासन से शासनादेश जारी करा दिया है मंत्री कैड़ा ने अधिकारियो से शीघ्र टैण्डर प्रकिया पूर्ण करने के निर्देश दिये है मंत्री कैड़ा ने कहा जल्दी मोटर मार्ग परए सुधारीकरण व डामरीकरण का कार्य किया जायेगा। मंत्री कैड़ा ने कहा भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक के क्षतिग्रस्त मोटर मार्गों पर लगातार डामरीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र जी जनता ने मंत्री कैड़ा का आभार व्यक्त किया। मंत्री कैड़ा ने कहा प्रदेश की जनता की समस्याओं का समाधान हो इस दिशा में हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। मंत्री कैड़ा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

News कॉर्नर

कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों से किया संवाद, उठीं क्षेत्र की समस्याएं

अल्मोड़ा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय पाल और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू भट्ट ने लखनाडी-मडी गांव में जनसभा कर ग्रामीणों से संवाद किया। इसमें टना, बरगला, ढामुक और सपणा गांवों के ग्रामीणों और महिलाओं ने भी भाग लिया। जनसभा में ग्रामीणों ने जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए खेतों में तारबाड़, युवाओं के लिए खेल मैदान और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बारातघर निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने भाजपा सरकार के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री का विधानसभा क्षेत्र होने के बावजूद कई बुनियादी समस्याएं बनी हुई हैं। डॉ. पाल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राजू भट्ट, अमरजीत भाकुनी, जिला पंचायत सदस्य संतोष कुमार, ग्राम प्रधान कैलाश कुमार, रंजीत नयाल समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

पीआरडी जवानों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

बागेश्वर। दो सूत्री मांगों के लिए पीआरडी जवानों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। जवानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर समस्याओं के समाधान की मांग की है। बृहस्पतिवार को प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भोटिया के नेतृत्व में नगर के ऑडिटोरियम परिसर के बाहर प्रदर्शन करते हुए जवानों ने कहा कि उनकी मांगों को सरकार अनदेखी कर रही है। समान कार्य के साथ समान वेतन और 365 दिन का रोजगार देने के लिए कई बार सरकार के समक्ष आवाज उठाई गई बावजूद उनकी बातों को नहीं सुना गया। उन्होंने दोनों मांगों से जुड़े प्रस्ताव आगामी कैबिनेट में लाने की मांग भी की।

एसटीएच की बदहाली देख भड़के डीएम, बोले, बाहरी दवाओं पर रोक लगाएं

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मरीजों के इलाज के लिए बने अस्पताल में अगर मरीजों को साफ बिस्तर और सुकून से रहने की जगह तक न मिले तो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मिल रही लगातार शिकायतों के बाद जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जब अचानक अस्पताल का जायजा लिया तो बदइंतजामी देखकर उनका पारा चढ़ गया। रैन बसेरे की बदहाल हालत, गंदगी और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की स्थिति पर उन्होंने अस्पताल प्रशासन को जमकर फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान डीएम का सवाल भी तीखा था- क्या हम अपने बच्चों को ऐसे बेड पर



रखेंगे? जिलाधिकारी ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से सीधे बातचीत की और उपचार से लेकर उपलब्ध सुविधाओं तक की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में मरीजों और उनके तीमारदारों को गंदगी और अव्यवस्थाओं के बीच रहने के लिए छोड़ना गंभीर लापरवाही है। अस्पताल प्रशासन को ठंड से बचाव सहित सभी जरूरी इंतजाम पहले से सुनिश्चित करने चाहिए।

बाहर की दवाओं से मरीजों की जेब पर बोझ क्यों?

निरीक्षण के दौरान डीएम ने दवाओं के मामले में भी सख्ती दिखाई। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि मरीजों को बाहर से दवाएं लिखने की प्रवृत्ति बंद की जाए। अस्पताल में उपलब्ध दवाओं से ही मरीजों का उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि पहले से बीमारी से जूझ रहे लोगों पर दवाओं का अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

नाम बड़ा, सुविधाएं भी उसी स्तर की हों

डीएम ने कहा कि एसटीएच प्रदेश का प्रमुख चिकित्सा संस्थान है। यहां दूरदराज के पहाड़ी और मैदानी इलाकों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में अस्पताल की व्यवस्थाएं भी उसकी प्रतिष्ठा के अनुरूप होनी चाहिए। साफ-सफाई, रैन बसेरे, वार्डों और मरीजों से जुड़ी दूसरी सुविधाओं में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को तत्काल व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट और अस्पताल के एमएस डॉ. अरुण भी मौजूद रहे। अब देखना होगा कि डीएम की फटकार और निर्देशों का अस्पताल की व्यवस्थाओं पर कितना असर पड़ता है।

गीजर ठीक करने आया, घर में घुसकर सोने के कड़े उड़ाए, आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

घर में गीजर ठीक करने के बहाने घुसा शख्स भरोसे की आड़ में चोरी कर गया। अलमारी से सोने के जेवर उड़ाने के बाद आरोपी ने उन्हें बेचकर नकदी जुटा ली, लेकिन पुलिस की पड़ताल में उसकी चाल ज्यादा दिन नहीं चल सकी। सीसीटीवी फुटेज और सुरागरसी के आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोचकर चोरी के कड़े और जेवर बेचकर हासिल किए गए लाखों रुपये बरामद कर लिए।

गुरुनानकपुरा निवासी अतुल नागपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 नवंबर को आसिफ नाम का व्यक्ति उनके घर गीजर ठीक करने के बहाने आया था। इसी दौरान उसने घर की अलमारी से सोने के जेवर चोरी कर लिए। शिकायत पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने आरोपी की गिरफ्तारी और चोरी का



जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। एसपी सिटी हरवंस सिंह और सीओ लव शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रोहताश सागर के नेतृत्व में पुलिस टीम जुटी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और सुराग जुटाने के बाद आरोपी की पहचान आसिफ पुत्र शमीम अहमद के रूप में हुई।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच तोला सोना और 2,29,000 रुपये नकद बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, नकदी चोरी के जेवर बेचकर जुटाई गई थी। बरामदगी के बाद मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। सफलता पाने वाली टीम में कृपाल सिंह, प्रभारी चौकी भोटियापड़ाव; कांस्टेबल विजय भारद्वाज और कांस्टेबल सतबीर सिंह। शामिल थे। पुलिस टीम की इस कार्रवाई पर एसएसपी नैनीताल ने 2,000 रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

15 साल में थम गई जिंदगी की कहानी, घर की ग्रिल से लटका मिला दसवीं का छात्र

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

महज 15 साल की उम्र हाथों में किताबें, आंखों में भविष्य के सपने और जिंदगी में आगे बढ़ने की उम्र। लेकिन एक परिवार का चिराग गुरुवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में बुझ गया। नगर निगम के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी के दसवीं में पढ़ने वाले बेटे की घर में ग्रिल से लटका शव मिलने की घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। किशोर को बचाने की कोशिश में परिजन अस्पताल-दर-अस्पताल दौड़े, मगर तमाम उम्मीदें चिकित्सकों के उसे मृत घोषित करते ही टूट गईं।

गुरुवार देर शाम किशोर घर में ग्रिल से लटका मिला। आनन-फानन में परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से उसे सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) रेफर किया गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घर में उठी चीख-पुकार के बीच परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मृतक के पिता डॉ. मनोज कांडपाल नगर निगम में पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी रह चुके हैं। घटना की खबर से परिचितों और आसपास के लोगों में भी शोक की लहर दौड़ गई।

सीओ लव शर्मा के मुताबिक, किशोर की मौत किन परिस्थितियों में हुई, फिलहाल इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। परिजनों से जानकारी जुटाई जा रही है और मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। आखिर क्या हुआ था उस किशोर के साथ? वह किन परिस्थितियों से गुजर रहा था, घटना से पहले क्या हुआ और मौत के पीछे क्या वजह रही—इन सवालों के जवाब फिलहाल जांच के दायरे में हैं। 15 साल की उम्र में एक जिंदगी का यूं थम जाना परिवार के लिए ऐसा जख्म छोड़ गया है, जिसकी भरपाई शायद कभी नहीं हो सकेगी।

एक साल, करोड़ों का नशा और 184 गिरफ्तारियां, कप्तान बदला, चुनौती वही

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अपराधियों पर शिकंजा, नशे के सौदागरों की धरपकड़ और करोड़ों के मादक पदार्थों की बरामदगी? नैनीताल पुलिस के बीते एक साल की कहानी आंकड़ों में दर्ज है।

कहीं तस्करों की गिरफ्तारी, कहीं सनसनीखेज वारदातों का घंटों में खुलासा तो कहीं खोए मोबाइल लौटाकर जनता के चेहरों पर मुस्कान। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के नेतृत्व में पुलिस ने अपराध के खिलाफ मोर्चा संभाले रखा, लेकिन कप्तान की कुर्सी बदलने के साथ अब सवाल भी नया है—क्या कार्रवाई की यही धार नए कप्तान के दौर में भी कायम रहेगी या अपराधियों को नई ढील मिल जाएगी?

28 अक्टूबर 2025 से 25 नवंबर 2026 तक नैनीताल पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 150 मुकदमे दर्ज कर 184 आरोपियों को गिरफ्तार किया। नशे के इस नेटवर्क पर कार्रवाई के दौरान करीब 10 करोड़ 93 लाख रुपये कीमत के मादक पदार्थ बरामद किए गए। बरामद स्मैक की कीमत ही करीब 9.72 करोड़ रुपये आंकी गई। चरस, गांजा, डोडा, नशीली गोलियां और इंजेक्शन भी बड़ी मात्रा में पकड़े गए। आंकड़े बताते हैं कि पुलिस ने नशे के कारोबार पर चोट तो की, लेकिन करोड़ों के नशे की बरामदगी यह भी बताती है कि जिले में नशे का नेटवर्क कितना बड़ा और चुनौतीपूर्ण है। गंभीर अपराधों में त्वरित कार्रवाई और कई मामलों का छह से 48



घंटे के भीतर खुलासा पुलिस की बड़ी उपलब्धियों में गिना गया। हत्या, लूट, चोरी और संगठित अपराध के मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी कर पुलिस ने अपराधियों को संदेश देने की कोशिश की कि वारदात करके बच निकलना आसान नहीं। खोए मोबाइल फोन की बरामदगी में भी पुलिस ने उल्लेखनीय काम किया। 912 मोबाइल फोन, जिनकी कीमत 80 लाख रुपये से अधिक बताई गई है, उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाए गए। मोबाइल वापस मिलने की खुशी ने पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण से आगे जनता के सीधे सरोकार से जोड़ दिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच कैंची धाम मेले का सफल संचालन भी मंजूनाथ टीसी के कार्यकाल की उपलब्धियों में रहा। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के बीच पुलिस ने आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। शासन के 25 नवंबर के आदेश ने जिले की पुलिस कमान बदल दी। डॉ. मंजूनाथ टीसी को 31वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर का सेनानायक बनाया गया है,

बिजली कटौती पर दौड़ व्यापारियों में गुस्से का करंट

रुद्रपुर। शहर के मुख्य बाजार में लगातार हो रही बिजली कटौती से व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा। रोजाना घंटों बिजली गुल रहने से परेशान व्यापारियों ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता केके पंत का घेराव किया। व्यापारियों ने कटौती पर नाराजगी जताते हुए बाजार की आपूर्ति सुचारु रखने की मांग की। बृहस्पतिवार को घेराव और प्रदर्शन के दौरान व्यापार मंडल के साथ पहुंची महिला व्यापारियों ने बताया कि इन दिनों शादी-विवाह का सीजन चल रहा है।

युवक को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर

काठगोदाम

हमारे संवाददाता

सड़क पर तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर सामने आया है। गौला बैराज क्षेत्र में दुकान से सामान लेने निकले युवक को तेज गति से आ रहे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में कमल आर्या के सिर पर गंभीर चोट आई और वह शारीरिक व मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है। बेटे की हालत को लेकर परेशान मां ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता आशा देवी निवासी गौला बैराज काठगोदाम के अनुसार घटना एक अक्टूबर की रात की है। उनका बेटा कमल आर्या घर से सामान लेने के लिए दुकान जा रहा था। इसी दौरान वाहन संख्या यू पी16एफ बी 6134 तेज रफ्तार से आया और कमल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। आशा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हादसे के बाद से उनका बेटा शारीरिक और मानसिक कष्ट झेल रहा है।

उन्होंने दुर्घटना के जिम्मेदार वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स ने लोक भवन में मनाया स्थापना दिवस

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को देहरादून स्थित लोक भवन में संगठन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन से शिष्टाचार भेंट कर स्थापना दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर हिमांशु सकसेना राज्य आयुक्त स्काउट एवं गाइड हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा स्काउट गाइड की पारंपरिक एवं विधिवत परंपरा के अंतर्गत राज्यपाल का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने महामहिम को स्काउट.गाइड स्कार्फ धारण कराया तथा स्थापना दिवस के विशेष बैज से अलंकृत किया। साथ ही पुष्पगुच्छ भेंट कर संगठन की ओर से सम्मान व्यक्त



किया। इस दौरान हिमांशु सकसेना ने महामहिम राज्यपाल को संगठन की विभिन्न गतिविधियों, सामाजिक सेवा कार्यों व प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।महामहिम राज्यपाल ने स्थापना दिवस पर सभी स्काउट्स एवं गाइड्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग युवाओं में अनुशासन, सेवा, सहयोग, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।महामहिम ने उत्तराखंड जैसे आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य में स्काउट्स एवं गाइड्स की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि युवाओंए ग्रामीण क्षेत्रों के लोगोंए किसानों तथा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए जिससे आपदा के समय स्थानीय स्तर पर त्वरित सहायता एवं राहत कार्यों में सहयोग मिल सके।उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज सेवा एवं सकारात्मक कार्यों में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त अलका मिश्रा,वैभव गौड़, वैभव सकसेना, कासू सिंह तथा विकास बाबू सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल द्वारा दिए गए मार्गदर्शन व शुभकामनाओं एवं प्रोत्साहन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स का स्थापना दिवस संगठन के सेवा व समर्पण, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराने का विशेष अवसर रहा।